जिनके वश में सदा राम रहते हैं

जिनके वश में सदा राम रहते हैं,
उन्हें वीर हनुमान सब कहते हैं।

माता अंजनी के लाल, ये तो करते कमाल,
तन में सिंदूर डाल, रंगे रहते लाल लाल,
राम रंग में सदा ही रंगे रहते हैं,
उन्हें वीर हनुमान सब कहते हैं।

जिनका सुमिरन करे छन में भवसिंधु पार,
जिनकी शक्ति अपार महिमा अगम अपार,
राम नाम में सदा ही रमे रहते हैं
उन्हें वीर हनुमान सब कहते हैं।

चीर सीना सभा में दिखा डाला,
राम का नाम कैसा बता डाला,
मन "मानस" में ये तो बसे रहते हैं
उन्हें वीर हनुमान सब कहते हैं।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31294/title/jinke-vash-me-sada-ram-rehte-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |